Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

قُلِ اللّٰهُمَّ مٰلِكَ الْمُلْكِ تُؤْتِي الْمُلْكَ مَنْ تَشَآءُ
وَتَنْزِعُ الْمُلْكَ مِمَّنْ تَشَآءُ وَتُعِزُّ مَنْ تَشَآءُ
وَتُذِلُّ مَنْ تَشَآءُ بِيَدِكَ الْخَيْرُ ۝

(सूरत आले-इम्रान आयत :27)

अनुवाद: तू कह दे हे मेरे अल्लाह! सलतनत के मालिक! जू जिसे चाहे शासन प्रदान करे और जिस से चाहे छीन लेता है। और तू जिसे चाहे सम्मान प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। भलाई तेरे ही हाथ में है

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 16

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

12 शअबान 1440 हिजरी कमरी 18 शहादत 1397 हिजरी शमसी 18 अप्रैल 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

तक़्वा कोई छोटी चीज़ नहीं। इसके द्वारा उन समस्त शैतानों का मुक़ाबला करना होता है जो इन्सान की हर एक अंदरूनी ताक़त तथा शक्ति पर ग़लबा पाए हुए हैं। ये सारी क़ुव्वतें नफ़से अम्मारा की हालत में इन्सान के अंदर शैतान हैं अगर इस्लाह ना पाएँगी तो इन्सान को ग़ुलाम कर लेंगी। इलम तथा अक़्ल ही बुरे तौर पर इस्तिमाल हो कर शैतान हो जाते हैं। मुत्तक़ी का काम उनको और ऐसा ही और अन्य समस्त शक्तियों को बराबरी में करना है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

इन्फ़ाक़ मिन रिज़्क़िल्लाह

मुत्तक़ी की शान में وَمِمَّا رَزَقْنٰهُمْ يُنْفِقُوْنَ(अलबक़रा:4) आया है। यहां मुत्तक़ी के लिए مِمَّا मिम्मा का शब्द इस्तेमाल किया क्योंकि उस वक़्त वह एक अन्धे की हालत में है इसलिए जो कुछ ख़ुदा ने उस को दिया इस में से कुछ ख़ुदा के नाम का दिया। हक़ यह है कि अगर वह आँख रखता तो देख लेता कि इस का कुछ भी नहीं सब कुछ ख़ुदा तआला का ही है। यह एक पर्दा था जो इत्तिक़ा में लाज़मी है। इस हालत इत्तिक़ा के तक़ाज़े ने मुत्तक़ी से ख़ुदा के दिए में से कुछ दिलवाया। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत आयशा रज़ी अल्लाह अन्हा से वफ़ात के दिनों में पूछा कि घर में कुछ है। मालूम हुआ कि एक दीनार था। फ़रमाया कि यह अल्लाह से इत्तेहाद से दूर है कि एक चीज़ भी अपने पास रखी जाए। रसूल अक्रम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इत्तिक़ा के स्तर से गुज़र कर सलाहीयत तक पहुंच चुके थे इस लिए مِمَّا मिम्मा उनकी शान में ना आया , क्योंकि वह आदमी अंधा है जिसने कुछ अपने पास रखा और कुछ ख़ुदा को दिया लेकिन यह मुत्तकी के लिए लाज़मी था क्योंकि ख़ुदा की राह में देने से भी उसे नफ़्स के साथ जंग थी जिसका नतीजा यह था कि कुछ दिया और कुछ रखा। हाँ रसूले अक्रम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सब कुछ ख़ुदा की राह में दे दिया और अपने लिए कुछ ना रखा।

जैसे धर्म महोत्सव के निबन्ध में इन्सान की तीन अवस्थाओं का ज़िक्र किया गया है जो इन्सान पर आरम्भ से अन्त तक आती हैं इसी तरह यहां भी क़ुरआन करीम ने जो इन्सान को समस्त तरक़्क़ी के स्तर के तय कराने आया इत्तिक़ा से शुरू किया। यह एक बनावट का रास्ता है। यह एक ख़तरनाक मैदान है। इसके हाथ में तलवार है और मुक़ाबल में भी तलवार है। अगर बच गया तो नजात पा गया وَاِلَّا اَسْفَلَ السّٰفِلِيْنَ में पड़ गया। अत: यहां मुत्तक़ी की गुणों में यह नहीं फ़रमाया कि जो कुछ हम देते हैं उसे सब का सब ख़र्च कर देता है मुत्तक़ी में इतनी ईमानी ताक़त नहीं होती जो नबी की शान होती है कि वह हमारे पूर्ण हादी की तरह सम्पूर्ण ख़ुदा को दे दे। इसीलिए पहले थोड़ा सा टैक्स लगाया गया ताकि थोड़ा सा चख कर ज़्यादा क़ुरबानी के लिए तैयार हो जाए।

रिज़्क़ से मुराद

وَمِمَّا رَزَقْنٰهُمْ يُنْفِقُوْنَ(अलबक़रा:4) रिज़्क़ से मुराद सिर्फ माल नहीं बल्कि जो कुछ उनको दिया गया। इलम, हिक्मत, तबाबत। ये सब रिज़्क़ में ही शामिल है। इस को इसी में से ख़ुदा की राह में भी ख़र्च करना है।

तदरीज (क्रम) के साथ तालीम (शिक्षा) की तकमील(पूर्णता)

इन्सान ने इस राह में क्रम से और निरन्तरता से तरक़्क़ी करनी है। अगर इन्जील की तरह यह शिक्षा होती कि गाल पर थप्पड़ खा कर दूसरे थप्पड़ के लिए गाल आगे रख दिया जाए या सब कुछ दे दिया जाए तो इस का नतीजा यह होता कि मुसलमान भी ईसाईयों की तरह शिक्षा के असम्पूर्ण होने के कारण सवाब से वंचित रहते। लेकिन क़ुरआन शरीफ़ तो इन्सान फ़ित्रत के अनुसारा धीरे धीरे तरक़्क़ी कराता है। इंजील का उदाहरण तो उस लड़के का है जो स्कूल में दाख़िल होते ही बड़ी मुश्किल किताब पढ़ने के लिए मजबूर किया गया है। अल्लाह तआला हकीम है। उस की हिक्मत की यही मांग होनी चाहिए था कि तदरीज (क्रम) के साथ शिक्षा की पूर्णता हो।

इसके बाद मुत्तक़ी के लिए फ़रमाया:

وَالَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْكَ وَمَآ اُنْزِلَ مِنْ قَبْلِكَ وَبِالْاٰخِرَةِ هُمْ يُوْقِنُوْنَ

(अलबक़रा:5) अर्थात वे मुत्तक़ी होते हैं जो पहली उतरी हुई किताबों पर और तुझ पर जो किताब नाज़िल हुई उस पर ईमान लाते और आख़िरत पर यक़ीन रखते हैं। ये बात भी तकल्लुफ़ (बनावट) से ख़ाली नहीं। अभी तक ईमान एक पर्दा के रंग में है। मुत्तक़ी की आँखें मअरफत और बसीरत की नहीं। उसने तक़्वा से शैतान का मुक़ाबला कर के अभी तक एक बात को मान लिया है। यही हालत इस वक़्त हमारी जमाअत की है। उन्होंने भी तक़्वा से माना तो है पर अभी तक वे नहीं जानते कि यह जमाअत अल्लाह तआला के हाथों कहाँ तक उन्नति पाने वाली है। अत: यह एक ईमान है जो अन्त में लाभ देने वाला होगा।

यक़ीन का शब्द जब आम तौर पर इस्तेमाल हो तो इस से अभिप्राय उस का निम्नतर स्तर होता है अर्थात इल्म के तीन स्तरों में से निचले स्तर का इलम अर्थात इलमुल यक़ीन। इस स्तर पर इत्तिक़ा वाला होता है मगर इस के बाद ऐनुल-यक़ीन और हक़्क़ुल-यक़ीन का स्तर भी तक़्वा के स्तर तय करने के बाद हासिल कर लेता है।

तक़्वा कोई छोटी चीज़ नहीं। इसके द्वारा उन समस्त शैतानों का मुक़ाबला करना होता है जो इन्सान की हर एक अंदरूनी ताक़त तथा शक्ति पर ग़लबा पाए हुए हैं। यह सारी क़ुव्वतें नफ़से अम्मारा की हालत में इन्सान के अंदर शैतान हैं अगर इस्लाह ना पाएँगी तो इन्सान को ग़ुलाम कर लेंगी। इल्म तथा अक़्ल ही बुरे तौर पर इस्तेमाल हो कर शैतान हो जाते हैं। मुत्तक़ी का काम उनकी और ऐसा ही और अन्य समस्त शक्तियों को बराबरी में करना है।

सच्चा मज़हब इन्सानी शक्तियों का मुरब्बी होता है इसी तरह जो लोग इंतिक़ाम, ग़ज़ब या निकाह को हर अवस्था में बुरा मानते हैं वे भी क़ुदरत के नियम के मुख़ालिफ़ हैं और इन्सानी शक्तियों का मुक़ाबला करते हैं। सच्चा मज़हब वही है जो इन्सानी शक्तियों का मुरब्बी हो ना कि उन को नष्ट करे। रजूलीयत (मर्दानगी) या ग़ज़ब जो ख़ुदा तआला की तरफ़ से इन्सानी फ़ित्रत में रखे गए हैं उनको छोड़ना ख़ुदा का मुक़ाबला करना है जैसे दुनिया से विरक्त होना या सन्यासी बन जाना। ये सारे और बन्दों के अधिकारों को नष्ट करने वाले हैं अगर ये बात इसी तरह होती तो मानो

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की डेनमार्क और सवीडन का सफर, सितम्बर 2018 ई (भाग-6)

मैंने हुज़ूर अनवर की तक़ारीर सुनी हैं, आपका पैग़ाम बहुत प्रभावकारी है और दुनिया के लिए ज़रूरी है।

हुज़ूर अनवर ने अपने सम्बोधन में जो पैग़ाम दिया है वह सारे यूरोप के लिए बढ़ा अहम है यह हर जगह पहुंचाना चाहिए।

आपके ख़लीफ़ा की शख़्सियत निहायत प्रभावित करने वाला है, वह साक्षात मुहब्बत हैं, उनको देखकर महसूस होता है कि मुहब्बत को जिस्म की शक्ल में देख रहा हूँ।

आपके ख़लीफ़ा साहिब की तक़ारीर का हर शब्द स्पष्ट, आमफहम और दिल पर असर करने वाला है, वह मुसलमानों और सारी दुनिया को मुहब्बत का दर्स देते हैं।

हुज़ूर अनवर के भाषणों को सुनकर बहुत आन्नद मिला क्योंकि ख़लीफ़ा की बातों की मिसाल नहीं मिलती और ये शिक्षा इस शिक्षा के बिलकुल मुख़ालिफ़ है जो मीडीया में आती हैं।

जमाअत अहमिदया बग़ैर किसी बदला के अपनी सारी ताकत अमन तथा शान्ति के लिए ख़र्च करती है, जमाअत का ख़लीफ़ा उस अमन तथा शान्ति का एक मिसाली नमूना है।

हुज़ूर अनवर की कुछ तक़ारीर का लिथोनैन भाषा में अनुवाद करने के बाद मैं यह कह सकती हूँ कि वह एक हिदायत की रोशनी हैं जो जितना चाहे उस नूर से फ़ायदा उठा सकता है

हुज़ूर से बात कर के मुझे महसूस हुआ है कि दिल की गहिराईयों से वह मुहब्बत करते हैं, इस्लाम की हक़ीक़त को मैंने पा लिया है और आज बैअत कर के जमाअत अहमिदया में दाख़िल होता हूँ

मैं आपकी जमाअत की प्रबन्धकीय सलाहीयत को देखकर हैरान हुए बग़ैर नहीं रह सका और यह चीज़ स्पष्ट इशारा दे रही है कि आप लोग दुनिया की ठीक रहनुमाई कर सकते हैं।

मुझे बहुत अच्छा लगा कि ख़लीफ़ा इन विषयों के बारे में बात करते हैं कि जो आज के दौर में प्रमुख हैं और उन्होंने इन मुश्किलों के हल वर्णन किए।

जब भी मैं इस्लाम के बारे में बात करती हूँ तो हमेशा जमाअत अहमिदया का बताती हूँ की क्यों मुझे सिर्फ अहमदियत में ज़िन्दा इस्लाम नज़र आता है।

जो अमन का पैग़ाम अपने ख़िताब में ख़लीफ़ा ने हमें दिया है यह पैग़ाम वक़्त की ज़रूरत है और इस पर अनुकरण करना बहुत ही ज़रूरी है।

जलसा सालाना जर्मनी 2018 ई में शामिल होने वाले मेहमानों की ईमान वर्धक प्रतिक्रियाएं

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

बदर हिन्दी 28 फरवरी 2019 ई में प्रकाशित रिपोर्ट का शेष

जलसा सालाना में शामिल होने वाले कुछ मेहमानों की प्रतिक्रियाएं

जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होने वाले ग़ैर जमाअत दोस्त और कुछ नए अहमदी हुज़ूर अनवर के ख़िताबों और जलसा के प्रबन्ध और माहौल से ग़ैरमामूली प्रभावित हुए और अपने दिली भावनाओं का प्रकट किया। उनमें से कुछ मेहमानों की प्रतिक्रियाएं नीचे दर्ज हैं।

*दो जर्मन औरतों ने जिन्होंने अपना नाम ज़ाहिर नहीं किया। अपने प्रतिक्रियाओं का प्रकट करते हुए कहा कि हमें ख़ौफ़ था कि पहली बार मुसलमानों के इज्तिमा में शामिल हो रही हैं। हमें औरतों के जलसा गाह में जाने का भी संयोग हुआ। ख़लीफतुल मसीह की तक़रीर का कुछ हिस्सा सुनने का संयोग भी हुआ हम छोड़ा देर से पहुंचे थे। हमें औरतों का अलग पर्दा में रह कर अपनी कार्रवाई करना बहुत पसंद आया है। बहुत सारे लोग शायद उसे नकारात्मक नज़र से देखेंगे मगर हमें बहुत आज़ादी और इज़्ज़त का एहसास हुआ है जो कि मर्दों के साथ बैठने से नहीं होता। मैं इस्लाम को सिर्फ एक कट्टरता वाला मज़हब समझती थी मगर यहां आकर देखा कि यह सब बातें ग़लत हैं। ख़लीफतुल मसीह की तक़रीर में किसी किस्म की कट्टरता या बदले का पैग़ाम नहीं था बल्कि औरतों को उनकी ज़िम्मेदारियों की तरफ़ बड़े धीमे लहजे में ध्यान दिला रहे थे। मुझे अब अफ़सोस भी है कि मैं इस्लाम को एक जबर वाला मज़हब समझती थी। हम दोनों अगले साल फिर आएंगी । ख़लीफ़ा का ख़िताब भी सुनेंगी। हमें इस बात की बहुत ख़ुशी है कि हमें बतौर ईसाई जो इज़्ज़त और सम्मान दिया गया वह आम मुसलमानों से गुफ़्तगु करते हुए कभी नहीं मिला। अहमदियत ही इस्लाम की असल शक्ल मालूम होती है।

लिथुआनिया से आनेवाले मेहमान Mr. Jaronimas Laucius अपनी प्रतिक्रियाएं वर्णन करते हुए कहते हैं: में एक लेखक हूँ और मैं यहां इस्लाम के बारे में अपने इल्म में इज़ाफ़ा के लिए आया हूँ। ख़ुदा की तौहीद का दर्स जिस अंदाज़ में ख़लीफतुल मसीह ने दिया वह बहुत प्रभावित करने वाला है। उनके इस नुक्ता ने कि सिर्फ इबादत ना की जाए बल्कि ख़ुदा को ख़ुश करना मक़सूद होना चाहिए, मेरा दिल जीत लिया। मैं वापिस जाकर जमाअत के बारे में अख़बारों में कालम भी लिखूँगा और अपने मैगज़ीन की एक पूरी संख्या सिर्फ़ जमाअत के बारे में प्रकाशित करूँगा। मुझे इस बात का अंदाज़ा है कि ऐसा करने से मुझे विरोद्ध का सामना भी हो सकता है लेकिन मैं हक़ का साथ देना चाहता हूँ। मेरा दिल यहां आकर निहायत ख़ुश और सन्तुष्ट हुआ है मैं ख़लीफतुल मसीह के लिए और जमाअत के लिए बहुत नेक तमन्नाओं का प्रकट करता हूँ।

*Mr. Tomas Cepaitis ने अपने विचारों का प्रकट करते हुए कहा: मैं इस जलसा के माध्यम से पहली बार वास्तविक इस्लाम से वाक़िफ़ हुआ। यद्यपि में हमेशा से ही इस्लाम के पेशवाओं का सम्मान करता आया हूँ और मुसलमानों के साथ यूरोप में रखे जाने वाले व्यवहार को देखकर परेशान रहता था इस जलसा के माध्यम में एक नई दुनिया से परिचित हुआ हूँ जिस में दुनिया की मौजूदा समस्याओं का हल मौजूद है। मुझे लगता है कि मुझे अभी इस्लाम से बहुत कुछ सीखना है। मैं आपका बहुत शुक्रगुज़ार हूँ कि आपने मुझे वास्तविक इस्लाम से परिचय करवाया। ख़लीफ़ा साहिब से मुलाक़ात में उनकी सादगी और हुस्न कलाम से बहुत लुतफ़ अंदोज़ हुआ।

*एक मेहमान Mr. Arturas Mirkevic वर्णन करते हैं: इस जलसे ने इस्लाम को जानने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान किए हैं। इस्लाम के बारे में अध्ययन के लिए बहुत किताबें भी उपलब्ध हैं। मैं कुछ किताबें अपने साथ ले जाना चाहता हूँ जिनको पढ़ कर मैं इस्लाम के बारे में अपने इलम को और अधिक बढ़ाने

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

मैं तुम्हें ख़ुदा की जन्नत मिलेगी जो उस के सारे इनामों में से बड़ा इनाम है।

मैं अपने लिए सिर्फ इतना चाहता हूँ कि जिस तरह तुम अपने अज़ीज़ों और रिश्तेदारों की हिफ़ाज़त करते हो इसी तरह अगर ज़रूरत आए तो मेरे साथ भी मामला करो।

इताअत और इख़लास तथा वफ़ा की साक्षात मूर्ति आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बदरी सहाबी हज़रत साइब बिन उसमान , हज़रत ज़मुरह बिन अमुरो जुहनी, हज़रत सअद बिन सुहैल, हज़रत सअद बिन उबैद, हज़रत सहल बिन अतीक, हज़रत सुहैल बिन राफ़िअ,और हज़रत सअद बिन ख़ैसमहः रज़ी अलल्लाआ अन्हुम व रज़ू अन्हुम की मुबारका सीरत का दिल को छू जाने वाला वर्णन।

सहाबा की सीरत के आलोक में तारीख़ इस्लाम से बैअत उक़बा सानिया,

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मदीना हिजरत फ़रमाने के बाद मस्जिद नबवी की तामीर, हज़रत साद बिन ख़ीसमहः की शहादत और जंग जिसर इत्यादि के संक्षिप्त हालत का वर्णन

अल्लाह तआला प्रत्येक क्षण इन सहाबा के स्तर बुलंद फरमाता रहे।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 15 मार्च 2019 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन लंदन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

आज जिन सहाबा का मैं ज़िक्र करूँगा उनमें से पहला नाम है हज़रत साइब बिन उसमान रज़ी अल्लाह तआला अन्हो । उन का सम्बन्ध क़बीला बनू जुमह से था और आप हज़रत उसमान बिन मज़ऊन रज़ी अल्लाह तआला अन्हो के बेटे थे। आप की माता का नाम हज़रत ख़ौलह बिन्त हकीम था और इस्लाम के आरम्भ में ही, शुरू में ही आप मुसलमान हुए थे। हज़रत साइब बिन उसमान आपने पिता और चाचा हज़रत क़ुदामह के साथ हब्शा की तरफ़ दूसरी हिजरत में सम्मिलित थे। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मदीना हिजरत के बाद हज़रत साइब बिन असमान और हज़रत हारिस बिन सुराका रज़ि अन्सारी के मध्य भाईचारा क़ायम फ़रमाई थी। उनका ज़िक्र आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के तीर-अंदाज़ सहाबा में किया जाता है। हज़रत साइब बिन उसमान जंगे बदर, जंगे उहद, जंगे ख़ंदक़ और अन्य जंगों में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल हुए।

(असदुल ग़ाबः जिल्द 2 पृष्ठ 396 से 397 प्रकाश दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 2003 ई)(तबक़ातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 306 से 307 दारुल कुतब अल्इि-लिमया बेरूत 1990 ई)(अल्असाबा जिल्द 3 पृष्ठ 20 साइब बिन उसमान प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 1995 ई)

जंगे बुवात में आं हज़रत सल्लल्लाहोअलैहि वसल्लम ने आपको मदीना का अमीर मुक़र्रर फ़रमाया था। जंगे बुवात जो 2 हिज्री में हुई है इस के बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने लिखा है कि रबी उल-अव्वल के आख़िरी दिनों या रबी उस्सानी के शुरू में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को क़ुरैश की तरफ़ से कोई ख़बर मिली जिस पर आप मुहाजरीन की एक जमाअत को साथ लेकर ख़ुद मदीना से निकले और अपने पीछे साइब बिन उसमान बिन मज़ऊन को मदीना का अमीर मुक़र्रर फ़रमाया। लेकिन क़ुरैश का पता नहीं चल सका और आप बुवात तक पहुंच कर वापस तशरीफ़ ले आए।

(उद्धिरत सीरत ख़ातमुन्निबय्यीन हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम ए पृष्ठ 329)

मदीना से क़रीबन 48 मील की दूरी पर क़बीला जुहैन के पहाड़ का नाम है।

(सिब्बल अलहदा जिल्द 4 पृष्ठ 15 बाब फ़ी ग़ज़वा बुवात प्रकाश दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 1993-ए-)

हज़रत साइब बिन उसमान जंग यमामा में शामिल थे। जंग यमामा हज़रत अबू-बकर रज़ी अल्लाह तआला अन्हो के ख़िलाफ़त के ज़माना में 12 हिज्री में हुई थी जिस में आप को एक तीर लगा जिसकी वजह से बाद में आप की वफ़ात हुई। आप की उम्र 30 साल से कुछ ऊपर थी।

(तबक़ातुल कुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 307 अलसाइब बिन उसमान बिन मज़ऊवन दारुलकुतब अल्इिलिमया बेरूत 1990 ई)

अगले सहाबी जिनका ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत ज़मुरह बिन अमुरो जुहनी रज़ि। हज़रत ज़मुरह रज़ी अल्लाह तआला अन्हो के पिता का नाम अमुरो बिन अदी था और कुछ आप के पिता का नाम बिशुर भी वर्णन करते हैं। आप क़बीला बनू तरीफ के हलीफ़ थे जबकि कुछ के नज़दीक क़बीला बनू साअदा के हलीफ़ थे जो कि हज़रत सअद बिन उबादह का क़बीला था। हलीफ़ अर्थात उनका आपस में एक मुआहिदा था कि जब भी किसी को ज़रूरत पड़ेगी एक दूसरे की मदद की तो एक दूसरे की मदद करेंगे। अल्लामा इब्न असुीर असदुल ग़ाबह में तहरीर करते हैं कि यह कोई मतभेद नहीं है क्योंकि बनू तरीफ बनू साइदा की ही एक शाख़ है। हज़रत ज़मुरह जंगे बदर और जंगे उहद में सम्मिलित हुए जंगे उहद में आप शहीद हुए।

(असदुल ग़ाबह जिल्द 3 पृष्ठ 60-61 ज़मुरा बिन अमरो अलजहनी । दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 2003 ई)

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत सअद बिन सुहैल। हज़रत सअद अंसार में से थे। कुछ ने आपका नाम सईद बिन सुहैल रज़ि वर्णन किया है। हज़रत सअद जंगे बदर और उहद में सम्मिलित हुए आप की एक बेटी थी जिसका नाम हुज़ैलह था।

(असदुल ग़ाब फ़ी मारफ़तुल अलसहाब जिल्द 2पृष्ठ439 सअद बिन सुहेल दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 2003 ई) (अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्ने साद जिल्द 3 पृष्ठ 395 सईद बिन सुहेल दारुल कुतुब अल्इिलिमया बैरूत 1990 ई)

उनका ज़िक्र बस इतना ही मिलता है।

फिर हज़रत सअद बिन उबैद रज़ि सहाबी हैं जो बदरी सहाबी थे। उनका ज़िक्र करता हूँ। हज़रत सअद बिन उबैद जंगे बदर, उहद, ख़ंदक़ समेत सारी जंगों में हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ शामिल हुए। आप का नाम सईद भी वर्णन हुआ है। आप क़ारी के लक़ब से मशहूर थे। आप की कुनिय्यत अबूज़ैद थी। हज़रत सअद बिन उबैद की गिनती उन चार सहाबा में होती है जिन्होंने अंसार में से रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माना में क़ुरआन जमा किया था। आप के बेटे उमैर बिन सअद हज़रत उमर के ख़िलाफ़त के ज़माना में सीरिया के एक हिस्सा के निगरान थे। एक रिवायत के अनुसार हज़रत सअद बिन उबैद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माने में मस्जिद क़ुबा में इमामत करते थे। हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ी अल्लाह तआला अन्हो और हज़रत उम्र रज़ी

अल्लाह तआला अन्हो के दौर में भी इस इमामत पर मामूर थे। हज़रत साद बिन उबैद रज़ी अल्लाह तआला अन्हो हिजरत के 16 वें साल जंग क़ुदसिया में शहीद हुए। शहादत के वक़्त आपकी उम्र 64 साल थी।

अबदुर्ररहिमान बिन अबू लैला से रिवायत है कि जंग जिसर जो 13 हिज्री में हुई इस में मुसलमानों को काफ़ी नुक़्सान हुआ था। हज़रत साद बिन उबैद शिकस्त खा कर वापस आए, पीछे हट गए थे तो हज़रत उमर ने हज़रत सअद बिन उबैद से फ़रमाया कि शाम देश में जिहाद से दिलचस्पी है? सवाल पूछा। वहां मुसलमानों से बहुत सख्त लड़ाई की गई है। मुसलमानों को बड़ा नुक़्सान पहुंचाया गया है। अगर तुम्हें शौक़ है तो फिर वहां चले जाओ और दुश्मन की इस कत्ल के कारण से जो नुक़्सान पहुंचा है इस से दुश्मन उन पर दिलेर हो गए हैं तो हज़रत उमर ने उनको फ़रमाया कि शायद आप अपने ऊपर लगी हुई शिकस्त की बदनामी का दाग़ धो सकें क्योंकि यहां अर्थात जंग जिसर से वापस आए तो मुसलमानों को नुक़्सान हुआ था तो हज़रत उमर ने आप को कहा कि अगर इस बदनामी का, शिकस्त का दाग़ धोना है तो वहां सीरिया की तरफ़ भी जंग हो रही है । हज़रत सअद ने निवेदन क्या नहीं। मैं सिवाए इस ज़मीन के और कहीं नहीं जाऊँगा जहां से मैं भागा हूँ या नाकाम वापस आया हूँ और उन दुश्मनों के मुक़ाबला पर ही निकलूँगा जिन्होंने मेरे साथ जो करना था क्या अर्थात मुराद यह थी कि लड़ाई में वे ग़ालिब आ गए। अत: हज़रत साद बिन उबेयद रज़ि क़ादसिया आए और वहां लड़ते लड़ते शहीद हो गए। अब्दुल रहमान बिन अबू लैला रिवायत करते हैं कि हज़रत साद बिन उबैद ने लोगों से नसीहत की और कहा कि कल हम दुश्मन का मुक़ाबला करेंगे और कल हम शहीद होंगे। अत: तुम लोग ना हमारे बदन से ख़ून धोना और ना ,सिवाए उन कपड़ों के जो हमारे बदन पर हैं ,कोई और देना।

(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्ने साद जिल्द 3 पृष्ठ 349 साद बिन उबीद दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत1990 ई)(असदुल ग़ाब फ़ी मारफ़:तिस्सहाब जिल्द 2 पृष्ठ445 सअद बिन उबैद दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 2003 ई)(अल असाबा फ़ी तमीईज़िस्साहब: जिल्द 3 पृष्ठ57 सअद बिन उबैद दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 1995 ई)

जंग जिसर का कछ विस्तार एक ख़ुत्बा जुम्अ: में पहले वर्णन किया जा चुका है इस बारे में कुछ और थोड़ा वर्णन कर देता हूं। जैसा कि मैं ने बताया कि जंग जिसर 13 हिजरी में दिरया फुरात के किनारे मुसलमानो और ईरानियों के मध्य लड़ी गई थी। और मुसलमानों की तरफ से लश्करके सालार अबू उबैदह सकफी रज़ि थे। जब कि ईरानियों की तरफ से बहमन जेदिवया सालार था मुसलमान फौज की संख्या दस हज़ार थी जब कि ईराइनियों की फौज में तीस हज़ार फौजी और तीन सौ हाथी थे। दरिया फुरात के बीच में आने के कारण से अर्थात दरिया फुरात बीच में था इसलिए दोने फौजें कुछ समय तक लड़ाई से रुकी रहीं। यहां तक को दोनों पक्षों के आपस में राज़ी होने से फुरात दरिया पर एक जिसर अर्थात पुल बनाया गया इसी पुल के कारण से इस को जंग जिसर कहा जाता है। जब पुल तैय्यार हो गया ता बहमन जादिवया ने हज़रत अबू उबैदह: को कहला भेजा की तुम दरिया पार कर के आओगे या हमें दरिया पार कर`क आने के आज्ञा दोगे। हज़रत उबूउबैदह रज़ि की राय थी कि मुसलमान फौज दरिया पार कर के विरोधी गिरोह से जंग करे। जबकि लश्कर के सरदार जिनमें हज़रत सल्लीतओ भी थे इस राय के ख़िलाफ़ थे लेकिन हज़रत अबू उबैद ने दरिया फ़ुरात को उबूर कर के अहले फ़ारस के लश्कर पर हमला कर दिया। थोड़ी देर तक लड़ाई ऐसे ही चलती रही। कुछ देर बाद बहमन जादुविया ने अपनी फ़ौज को बिघरते होते देखा। देखा कि ईरानियों की फ़ौज पीछे हट रही है तो उसने हाथियों को आगे बढ़ाने का हुक्म दिया। हाथियों के आगे बढ़ने से मुसलमानों की सफ़ें बे-तरतीब हो गईं। इस्लामी लश्कर इधर उधर हटने लगा। हज़रत अबू उबैद रज़ि ने मुसलमानों को कहा कि हे अल्लाह के बंदो! हाथियों पर हमला करो और उनकी सूंडें काट डालो। हज़रत अबू उबैद रज़ि यह कह कर ख़ुद आगे बढ़े और एक हाथी पर हमला कर के इस की सूंड काट डाली। बाक़ी लश्कर ने भी यही देखकर तेज़ी से लड़ाई शुरू कर दी और कई हाथियों की सूंडें और पांव काट कर उनके सवारों को क़तल कर दिया। इत्तिफ़ाक़ से हज़रत अबू उबैद रज़ि एक हाथी के सामने आए। आप ने वार कर के इस की सूंड काट दी मगर आप इस हाथी के पांव के नीचे आ गए और दब कर शहीद हो गए। हज़रत अबू उबैद रज़ि की शहादत के बाद सात आदमीयों ने बारी बारी इस्लामी झंडा सँभाला और लड़ते हुए शहीद हो गए। आठवें आदमी हज़रत मुसन्ना रज़ि थे जिन्हों ने इस्लामी झंडे को लेकर दुबारा एक पर जोश हमले का इरादा किया लेकिन इस्लामी लश्कर की सफ़ें बे-तरतीब हो गई थीं और लोग निरन्तर सात अमीरों को शहीद होते देखकर इधर उधर भागना शुरू हो गए थे जबकि कुछ दरिया में कूद गए थे। हज़रत मुसन्ना रज़ि और आप के साथी मर्दानगी से लड़ते रहे।अन्त में हज़रत मुसन्ना रज़ि ज़ख़्मी हो गए और आप लड़ते हुए दरिया फ़ुरात उबूर कर के वापस आ गए। इस घटना में मुसलमानों का बहुत ज़्यादा नुक़्सान हुआ। मुसलमानों के चार हज़ार आदमी शहीद हुए जबकि ईरानियों के छ: हज़ार फ़ौजी गए।

(उद्धरित तारीख़ इब्ने ख़ल्दून अनुवादक हकीम अहमद हुसैन इलाहाबादी जिल्द 3पृष्ठ270 से273 प्रकाशन दारुल इशाअत कराची 2003 ई)

बहरहाल यह जंग इसलिए हुई थी कि ईरानियों की तरफ़ से बार-बार हमले हो रहे थे और उन हमलों को रोकने के लिए यह इजाज़त ली गई थी कि जंग करें।

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है हज़रत सहल बिन अतीक रज़ि। उनका नाम सुहैल भी वर्णन किया जाता है। उनकी माता का नाम जमीला बिन्त अलुक़मह था। हज़रत सहल बिन अतीक सत्तर अंसार के साथ बैअत उक़बा सानिया में शामिल हुए। आपने जंगे बदर और उहद में शामिल होने का सौभाग्य पाया।

(तबक़ात अलकुबरा जिल्द 3 पृष्ठ 387 सहल बिन अतीक़ दारुलकुतब अल्इि-लिमयाबीरोत1990 ई)(असदुल ग़ाब: जिल्द 2 पृष्ठ578 सहल बिन अतीक़ दारु-लकुतब अल्इिलिमया बेरूत 2003 ई)

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत सुहैल बिन राफ़िअ रज़ि। हज़रत सुहैल का सम्बन्ध क़बीला बनू नज्जार से था। वह ज़मीन जिस पर मस्जिद नबवी बनी हुई वह आप और आप के भाई हज़रत सहल की मिल्कियत थी। आप की माता का नाम ज़ुग़ैबह बिन्त सहल था। हज़रत सहल जंगे बदर, उहद और ख़ंदक़ सहित सारी जंगों में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हमराह शामिल हुए और हज़रत उमर के ख़िलाफ़त के ज़माना में आप की वफ़ात हुई।

(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्न साद जिल्द 3 पृष्ठ 372 सुहेल बिन राफ़े, दारुल-कुतब अल्इिलिमया बेरूत 1990 ई)

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिजरत मदीना का ज़िक्र करते हुए हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि ने जो तहरीर फ़रमाया है प्रस्तुत करता हूँ। आप लिखते हैं कि

जब आप मदीना में दाख़िल हुए, हर शख़्स की यह इच्छा थी कि आप उस के घर में ठहरें। जिस जिस गली में से आप की ऊंटनी गुज़रती थी इस गली के विभिन्न ख़ानदान अपने घरों के आगे खड़े हो कर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का इस्तिक़बाल करते थे और कहते थे हे रसूलुल्लाह! यह हमारा घर है और यह हमारा माल है और यह हमारी जानें हैं जो आपकी ख़िदमत के लिए हाज़िर हैं। हे अल्लाह के रसूल! और हम आप की हिफ़ाज़त करने के योग्य हैं। आप हमारे ही पास ठहरें । कुछ लोग जोश में आगे बढ़ते और आप की ऊंटनी की बाग पकड़ लेते ताकि आप को अपने घर में उतरवा लें मगर आप हर एक शख़्स को यही जवाब देते थे कि मेरी ऊंटनी को छोड़ दो यह आज ख़ुदा तआला की तरफ़ से मामूर है। (जो उस को हुक्म होगा। यही समझो कि जहां अल्लाह तआला चाहेगा वहां यह बैठ जाएगी) यह वहीं खड़ी होगी जहां ख़ुदा तआला की इच्छा होगी। आख़िर मदीना के एक सिरे पर बनू नज्जार के यतीमों की एक ज़मीन के पास जा कर ऊंटनी ठहर गई। आप ने फ़रमाया ख़ुदा तआला की यही इच्छा मालूम होती है कि हम यहां ठहरें। फिर फ़रमाया यह ज़मीन किस की है? ज़मीन कुछ यतीमों की थी। उनका निगरान आगे बढ़ा और उसने कहा कि हे रसूल अल्लाह! यह अमुक अमुक यतीम की ज़मीन है और आप की ख़िदमत के लिए हाज़िर है। आप ने फ़रमाया हम किसी का माल मुफ़्त नहीं ले सकते। आख़िर उस की क़ीमत मुक़र्रर की गई और आप ने उस जगह पर मस्जिद और अपने मकानात बनाने का फ़ैसला किया।

(दीबाचा तफ़सीरुल क़ुरआन अनवारुल उलूम जिल्द 20 पृष्ठ 228)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने इस की तफ़सील सीरत ख़ातमन्नबि-य्यीन में कुछ इस तरह लिखी है कि

मदीना के निवास का सबसे पहला काम मस्जिद नबवी की स्थापना था जिस जगह आप की ऊंटनी आकर बैठी थी वह मदीना के दो मुसलमान बच्चों सहल और सुहैल की मिल्कियत थी जो हज़रत असुअद बिन ज़ुरार: रज़ि की निगरानी में रहते थे। यह एक वीरान जगह थी। अर्थात बिलकुल बंजर, ग़ैर-आबाद जगह थी जिसके एक हिस्सा में कहीं कहीं ख़जूरों के दरख़्त थे। एक दो दरख़्त लगे हुए थे। और दूसरे हिस्सा में कुछ खन्डर इत्यादि थे गिरे हुए मकान थे, खन्डर थे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे मस्जिद और अपने कमरों के बनाने के लिए

पसन्द फ़रमाया और दस दीनार ..... में यह ज़मीन ख़रीद ली गई और जगह को बराबर कर के और दरख़्तों को काट कर मस्जिद नबवी की स्थापना शुरू हो गई।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुन्निबय्यीन हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम ए पृष्ठ 269)

एक रिवायत के अनुसार इस ज़मीन की यह जो रक़म थी हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ी अल्लाह तआला अन्हो ने अदा की थी।

(शरह जरक़ानी जिल्द 2 पृष्ठ186 दारुल कुतुब अल्इिलमी बेरूत 1996ई)

फिर लिखते हैं कि जगह को बराबर कर के और दरख़्तों को काट कर मस्जिद नबवी के बनाने के काम शुरू हो गए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ख़ुद दुआ मांगते हुए बुनियाद का पत्थर रखा और जैसा कि क़ुबा की मस्जिद में हुआ था सहाबा ने मुअम्मारों और मज़दूरों का काम किया जिस में कभी कभी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुद भी शिरकत फ़रमाते थे। कई बार ईंटें उठाते हुए सहाबा हज़रत अबदुल्लाह बिन रवाहा अन्सारी का यह शेअर पढ़ते थे कि

هَذَا الْحِمَالُ لَا حِمَالَ خَيْبَر، هَذَا أَبَرُّ رَبَّنَا وَأَطْهَرُ

अर्थात यह बोझ ख़ैबर के व्यापारिक माल को बोझ नहीं है जो जानवरों पर लद कर आया हो बल्कि है मेरे मौला यह बोझ तक्वा तथा तहारत का बोझ है जो हम तेरी प्रसन्नता के लिए उठाते है। और कभी कभी सहाबा कराम हज़रत अब्दुल्लाह बिन रवाहा का यह शेर भी पढ़ते थे

اَللّٰهُمَّ اِنَّ الْاَجْرَ اَجْرُ الْاٰخِرَه، فَارْحَمِ الْاَنْصَارَ وَالْمُهَاجِرَه

अर्थात ए हमारे अल्लाह! वास्तिवक बदला तो सिर्फ आख़िरत का बदला है अत: तू अपने फ़ज़ल से अंसार और मुहाजिरीन पर अपनी रहमत नाज़िल फ़र्मा। जब सहाबा ये शेअर पढ़ते थे या अशआर पढ़ते थे तो कई बार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी उनकी आवाज़ के साथ आवाज़ मिला देते थे और इस तरह एक लंबे समय की मेहनत के बाद यह मस्जिद पूर्ण हुई। मस्जिद की इमारत पत्थरों की सिलों और ईंटों की थी जो लक्कड़ी के खंबों के मध्य चुनी गई थी। इस ज़माने में मज़बूत इमारत के लिए यह रिवाज था कि लक्कड़ी के बलॉक खड़े कर के ,खम्बे बना कर या pillar बना कर उस के अन्दर ईंटें और मिट्टी की दीवारें लगाई जाती थी ताकि मज़बूती क़ायम रहे। ये उस का स्ट्रक्चर (structure) होता था और छत पर खजूर और तने और शाख़ें डाली गई थीं। मस्जिद के अंदर छत के सहारे के लिए खजूर के खंबे थे और जब तक मिंबर की तजवीज़ नहीं हुई, वो मिंबर जहां खड़े हो के आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुत्बा दिया करते थे उन्ही खंभों में से एक खंबा के साथ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुत्बा के वक़्त टेक लगा कर खड़े हो जाते थे। मस्जिद का फ़र्श कच्चा था और चूँकि ज़्यादा बारिश के वक़्त छत टपकने लगती थी इसलिए ऐसे समय में फ़र्श पर कीचड़ हो जाता था। अत: इस तकलीफ़ को देखकर बाद में कंकरियों का फ़र्श बनवा दिया गया। छोटे छोटे पत्थर वहां डाले गए। शुरू शुरू में मस्जिद का मुंह बैतुल-मुक़द्दस की तरफ़ रखा गया था लेकिन क़िब्ला बदलने के वक़्त यह रुख बदल दिया गया। मस्जिद की बुलंदी अर्थात height उस वक़्त दस फुट थी (छत दस फुट ऊंची थी)। और लम्बाई एक सौ पाँच फुट (लंबाई एक सौ पाँच फुट थी) और चौड़ाई 90 फुट के क़रीब था (चौड़ाई जो थी नव्वे फुट थी) लेकिन बाद में इस का विस्तार कर दिया गया। यह भी जो 105 फुट और 90 फुट का क्षेत्रफल बनता है यह लगभग पंद्रह सोला सौ नमाज़ियों के लिए जगह बनती है।

मस्जिद के एक किनारे में एक छतदार चबूतरा बनाया गया था जिसे सुफ़्फ़ह कहते थे। यह उन ग़रीब मुहाजरीन के लिए था जो बेघर थे, जिनका घर कोई नहीं होता था। यह लोग यहीं रहते थे और अस्हाबु-स्सुफ़्फ़ह कहलाते थे। उनका काम मानो दिन रात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की संगत में रहना, इबादत करना और क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत करना था। इन लोगों का कोई स्थायी आय का साधन न था। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुद उनका ध्यान फ़रमाते थे और जब कभी आप के पास कोई हद्या इत्यादि आता था या घर में कुछ होता था तो उनका हिस्सा ज़रूर निकालते थे। इन लोगों का खाना पीना अक्सर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम किया करते थे बल्कि कई बार आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुद भूखे रहते और जो कुछ घर में होता था वह सहाबा अस्सुफा को भिजवा देते थे। अंसार भी उन लोगों की मेहमान-नवाज़ी मैं यथा सामर्थय व्यस्त रहते थे और उनके लिए ख़जूरों के गुच्छे ला ला कर मस्जिद में लटका दिया करते थे। लेकिन इस के बावजूद उनकी हालत तंग रहती थी और कई बार भूख तक नौबत पहुंच जाती थी और यह हालत कई साल तक जारी रही। यहां तक कि कुछ तो मदीना की आबादी के बढ़ने के कारण इन लोगों के लिए काम निकल आया मज़दूरी इत्यादि मिलने लग गई और कुछ क़ौमी बैतुल माल से सहायता की सूरत पैदा हो गई। हालात बेहतर हुए तो उनकी मदद होने लग गई।

मस्जिद के साथ जुड़ा हुआ आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए रिहायशी मकान तैयार किया गया था। मकान किया था एक दस पंद्रह फुट का छोटा सा कमरा था और इस कमरे और मस्जिद के मध्य एक दरवाज़ा रखा गया था जिस में से गुज़र कर आप नमाज़ इत्यादि के लिए मस्जिद में तशरीफ़ लाते थे। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने और शादियां कीं तो उसी कमरे के साथ साथ दूसरे कमरे भी तैयार होते गए और मस्जिद के आस-पास कुछ और सहाबा के मकान भी तैयार हो गए।

यह थी मस्जिद नबवी जो मदीना में तैयार हुई और इस ज़माना में चूँकि और कोई पब्लिक इमारत ऐसी नहीं थी जहां क़ौमी काम अंजाम दिए जाते। इसलिए इवान-ए-हुकूमत का काम भी यही मस्जिद देती थी। यही दफ़्तर था। यही हुकूमत का पूरा सेक्रिटेरियट (secretariat)था । यहीं आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मज्लिस लगती थी। यहीं सारे किस्म के मश्वरे होते थे। यहीं मुक़द्दमो का फ़ैसला किया जाता था। यहीं से आदेश जारी किए जाते थे। यही क़ौमी मेहमान ख़ाना था अर्थात कि जो मेहमान ख़ाना था वह भी यही मस्जिद ही था। और हर क़ौमी काम जो था वह इसी मस्जिद में अंजाम दिया जाता था। और ज़रूरत होती थी तो इसी से जंगी क़ैदीयों को कैद करने के स्थान का काम भी लिया जाता था अर्थात यहीं मस्जिद में जंगी क़ैदी भी रखे जाते थे और बहुत सारे क़ैदी ऐसे भी थे जब मुसलमानों को इबादत करते और आपस की मुहब्बत और प्यार देखते थे तो उन में से फिर मुसलमान भी हुए। बहरहाल उस के बारे में सर विलियम म्यूर भी ज़िक्र करता है जो एक मुस्तश्रिक़ है और इस्लाम के ख़िलाफ़ भी और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़िलाफ़ भी काफ़ी लिखता है, लेकिन वह यहां उस के बारे में लिखता है कि

मानो यह मस्जिद बनाए जाने की दृष्टि के लिहाज़ से निहायत सादा और मामूली थी लेकिन मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यह मस्जिद इस्लामी तारीख़ में एक ख़ास शान रखती है। रसूले ख़ुदा और उनके सहाबा उसी मस्जिद में अपने वक़्त का अधिकतर हिस्सा गुज़ारते थे। यहीं इस्लामी नमाज़ का बाक़ायदा जमाअत के साथ आरम्भ हुआ। यहीं सारी मुसलमान जुम्आ के दिन ख़ुदा की ताज़ा वह्य को सुनने के लिए शिष्टाचारपूर्वक हालत में जमा होते थे। यहीं मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी विजयों के परामर्श पुख़्ता किया करते थे। यहीं वह मकान था जहां पराजित और तौब: करने वाले क़बीले के वफ़द उनके सामने पेश होते थे। यही वह दरबार था जहां से वह शाही आदेश जारी किए जाते थे जो अरब के दौर दूर कोनों तक बाग़ीयों को ख़ौफ़ से भयभीत कर देता थे और अन्त में उसी मस्जिद के पास अपनी बीवी आयशा रज़ि अल्लाह के कमरा में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी जान दी और इसी जगह अपने दो ख़लीफों के साथ वह दफ़न हैं।

यह मस्जिद और इस के साथ के कमरे कम से कम सात माह के समय में तैयार हो गए और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने नए मकान में अपनी बीवी हज़रत सौदह रज़ि के साथ तशरीफ़ ले गए। कुछ दूसरे मुहाजिरीन ने भी अंसार से ज़मीन हासिल करके मस्जिद के आस-पास मकाना तैयार कर लिए और जिन्हें मस्जिद के क़रीब ज़मीन नहीं मिल सकी उन्होंने दूर दूर मकान बना लिए और कुछ को अंसार की तरफ़ से बने बनाए मकान मिल गए।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुन्नबिय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम ए पृष्ठ269 से 271)

बहरहाल हज़रत सुहैल और उनके भाई वे ख़ुश-क़िस्मत थे जिनको इस्लाम के इस महान केन्द्र में अपनी ज़मीन पेश करने की तौफ़ीक़ मिली।

फिर जिन सहाबी का ज़िक्र है उनका नाम है हज़रत साद बिन ख़ैसमह: रज़ि। हज़रत साद बिन ख़ैसमह: रज़ि का सम्बन्ध क़बीला ओस से था। आप की माता का नाम हिंद बिन्त औस था। हज़रत अबू ज़य्याह नुअमान बिन साबत रज़ि जो कि बदरी सहाबी हैं माता की तरफ़ से आप के भाई थे। आप की कुनिय्यत अबू ख़ैसमह: और अबू अब्दुदल्लाआ वर्णन की जाती है। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत साद बिन ख़ैसमह: के और हज़रत अबू सलमा बिन अब्दुल असद के मध्य भाईचारा स्थापित फ़रमाया था।

(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्ने साद जिल्द 3 पृष्ठ 366-367 साद बिन ख़ैसमा, दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 1990 ई)(असदुलग़: फ़ी मअरफ़ तुल सहाबा जिल्द 2 पृष्ठ 429 साद बिन ख़ैसमा, दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 2003 ई)

हज़रत साद उन बारह नक़ीबों में से थे जिन्हें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि

वसल्लम ने बैअत उक़बा सानिया के मौक़ा पर मदीना के मुसलमानों का नक़ीब मुक़र्रर फ़रमाया था। बारह नक़ीब किस तरह मुक़र्रर हुए। इस की कुछ तफ़सील और नक़ीबों के नाम और काम के बारे में भी बताता हूँ जो सीरत ख़ातमुल अंबिया में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने लिखा है कि

13 नबवी के महीना ज़िल- हज्जा में हज के मौक़ा पर औस और ख़ज़रज के कई सौ आदमी मक्का में आए। उनमें से सत्तर शख़्स ऐसे शामिल थे जो या तो मुसलमान हो चुके थे या अब मुसलमान होना चाहते थे और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मिलने के लिए मक्का आए थे। मुसअब बिन उमैर रज़ि भी उनके साथ थे। मुसअब की माँ ज़िंदा थी और यद्यपि मुशरिका थी मगर उनसे बहुत मुहब्बत करती थीं। जब उसे उनके आने की ख़बर मिली तो उसने उनको कहला भेजा कि पहले मुझ से आकर मिल जाओ फिर कहीं दूसरी जगह जाना। मुसअब रज़ि ने जवाब दिया कि मैं अभी तक रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से नहीं मिला। आप से मिलकर, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से मिलकर फिर आपके पास आऊँगा। अत: वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास हाज़िर हुए आप से मिलकर और ज़रूरी हालात निवेदन कर के फिर अपनी माँ के पास गए। वह बहुत जली भुनी बैठी थीं। उनको देखकर बहुत रोई और बड़ा शिकवा किया। मुसअब रज़ि ने कहा माँ मैं तुम से एक बड़ी अच्छी बात कहता हूँ जो तुम्हारे लिए बहुत ही लाभदायत है और सारे झगड़ों का फ़ैसला हो जाता है। उसने कहा वह क्या है? मुसअब ने धीरे से जवाब दिया कि बस यही कि बुतपरस्ती तर्क कर के मुसलमान हो जाओ और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ईमान ले आओ। वह पक्की मुशरिका थी सुनते ही शोर मचा दिया कि मुझे सितारों की क़सम है मैं तुम्हारे धर्म में कभी दाख़िल नहीं होंगी और अपने रिश्तेदारों को इशारा किया कि मुसअब रज़ि को पकड़ कर क़ैद कर लें मगर वह भाग गए।

बहरहाल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मुसअब रज़ि से अंसार के आने की सूचना मिल चुकी थी और उनमें से कुछ लोग आप से अलग रूपसे मुलाक़ात भी कर चुके थे मगर चूँकि इस मौक़ा पर एक सामूहिक और अलग मुलाक़ात की ज़रूरत थी अर्थात अलग मुलाक़ात होनी चाहिए थी इसलिए हज की रस्मों को अदा करने के बाद ज़िल हज्जा की मध्य तारीख़ मुक़र्रर की गई कि इस दिन आधी रात के क़रीब ये सब लोग पिछले साल वाली घाटी में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को आकर मिलें ताकि इतमीनान और शान्ति के साथ अलग बातचीत हो सके और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अन्सार को ताकीद फ़रमाई कि इकट्ठे ना आएं बल्कि एक एक दो दो कर के आएं दुश्मन की नज़र पड़ सकती है और वक़्त मुक़र्ररा पर घाटी में पहुंच जाएं और अगर कोई सोया हुआ है तो सोते को ना जगाएँ और न गैरहाज़िर का इंतिज़ार करें। अत: जब मुक़र्ररा तारीख़ आई तो रात के वक़्त जबकि एक तिहाई रात जा चुकी थी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अकेले घर से निकले और रास्ते में अपने चाचा अब्बास को साथ लिया जो अभी तक इस्लाम नहीं लाए थे, मुशरिक थे मगर आप से मुहब्बत रखते थे और ख़ानदान हाशिम के रईस थे। और फिर दोनों मिलकर इस घाटी में पहुंचे। अभी ज़्यादा देर ना हुई थी कि अंसार भी एक एक दो दो कर के आ पहुंचे। ये सत्तर आदमी थे और ओस और ख़ज़रज दोनों क़बीलों से सम्बन्ध रखने वाले थे। सबसे पहले अब्बास ने बातचीत शुरू की अर्थात हज़रत अब्बास जो अभी इस्लाम नहीं लाए थे कि हे ख़ज़रज के गिरोह! मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने ख़ानदान में एक सम्मान्नीय और महबूब है और वह ख़ानदान आज तक उस की हिफ़ाज़त का ज़ामिन रहा है और हर ख़तरे के वक़्त में इस के लिए मैदान में रहा हुहै मगर अब मुहम्मद का इरादा अपना वतन छोड़कर तुम्हारे पास चले जाने का है। अत: अगर तुम उसे अपने पास ले जाने की इच्छा रखते हो तो तुम्हें उस की हर तरह हिफ़ाज़त करनी होगी और हर दुश्मन के सामने मुकाबिल होना पड़ेगा।अगर तुम उस के लिए तैयार हो तो बेहतर वर्ना अभी से साफ़ साफ़ जवाब दे दो क्योंकि साफ़ साफ़ बात अच्छी होती है। बरार बिन मअरूर रज़ि जो अंसार के क़बीले के एक वृद्ध और प्रभाव वाले बुज़ुर्ग थे उन्होंने कहा कि अब्बास हमने तुम्हारी बात सुन ली है मगर हम चाहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुद भी अपनी मुबारक ज़बान से कुछ फरमाएं और जो ज़िम्मेदारी हम पर डालना चाहते हैं वह वर्णन फ़रमाएं। इस पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क़ुरआन शरीफ़ की कुछ आयतें तिलावत फ़रमाएं और फिर एक संक्षिप्त सी तक़रीर में इस्लाम की तालीम वर्णन फ़रमाई और अल्लाह तआला के हुकूक और बन्दों के हुक़ूक़ की व्याख्या करते हुए फ़रमाया कि मैं अपने लिए सिर्फ इतना चाहता हूँ कि जिस तरह तुम अपने प्यारों और रिश्तेदारों की हिफ़ाज़त करते हो इसी तरह अगर ज़रूरत पेश आए तो मेरे साथ भी मामला करो। जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तक़रीर ख़त्म कर चुके तो बरार बिन मअरूर ने अरब के नियम के अनुसार आपका हाथ अपने हाथ में लेकर कहा हे रसूलुल्लाह! हमें उस ख़ुदा की क़सम है जिसने आपको हक़ और सदाक़त के साथ मबऊस फ़रमाया है कि हम अपनी जानों की तरह आपकी हिफ़ाज़त करेंगे। हम लोग तलवारों के साय में पले हैं और बात यह कह ही रहे थे, अभी बात ख़त्म नहीं हुई थी कि अबूल हसीम बन तय्यान एक और आदमी वहां बैठा था, उसने उनकी बात काट कर कहा कि हे रसूलुल्लाह! (यह भी मुसलमान हो गए थे) यसरिब के यहूद के साथ हमारे पुराने सम्बन्धा हैं ,आप का साथ देने से वे विच्छेद हो जाऐंगे। ऐसा ना होके जब अल्लाह तआला आप को ग़लबा दे तो आप हमें छोड़कर अपने वतन में वापस तशरीफ़ ले आएं और हम ना इधर के रहें और ना उधर के रहें। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हंसकर फ़रमाया कि नहीं नहीं ऐसा हरगिज़ नहीं होगा। तुम्हारा ख़ून मेरा ख़ून होगा। तुम्हारे दोस्त मेरे दोस्त और तुम्हारे दुश्मन मेरे दुश्मन। इस पर अब्बास बिन उबादत अन्सारी ने अपने साथीयों पर नज़र डाल कर कहा कि लोगो! क्या तुम समझते हो कि इस अह्द तथा वादा के क्या अर्थ हैं? इस का यह मतलब है कि तुम्हें हर काले गोरे के मुक़ाबले के लिए तैयार होना चाहिए। हर आदमी जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का विरोध करेगा उस का मुक़ाबला करने के लिए तुम्हें तैयार होना पड़ेगा और हर क़ुर्बानी के लिए तैय्यार रहना चाहिए। लोगों ने कहा हाँ हम जानते हैं मगर हे अल्लाह के रसूल! उस के बदले में हमें क्या मिलेगा? फिर उन लोगों ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पूछा कि हम तो ये सब कुछ करेंगे हमें क्या मिलेगा? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम्हें ख़ुदा की जन्नत मिलेगी जो उस के सारे इनामों में से बड़ा इनाम है। सब ने कहा कि हमें ये सौदा मंज़ूर है हे अल्लाह के रसूल! आप अपना हाथ आगे करें। आप ने अपना मुबारक हाथ आगे बढ़ाया और ये सत्तर जानिसारों की जमाअत एक प्रतिरक्षात्मक सन्धि में आपके हाथ पर बिक गई। इस बैअत-ए-का नाम बैअत उक़बा सानिया है।

जब बैअत हो चुकी तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनसे फ़रमाया कि मूसा अलैहिस-सलाम ने अपनी क़ौम में से बारह नक़ीब चुने थे जो मूसा की तरफ़ से उनके निगरान और मुहाफ़िज़ थे। मैं भी तुम में से बारह नक़ीब मुक़र्रर करना चाहता हूँ जो तुम्हारे निगरान और मुहाफ़िज़ होंगे और वह मेरे लिए ईसा के हवारियों की तरह होंगे और मेरे सामने अपनी क़ौम के बारे में जवाब देने वाले होंगे। अत: तुम उचित लोगों के नाम चुन कर के मेरे सामने पेश करो। अत: बारह आदमी चुने गए जिन्हें आप ने मंज़ूर फ़रमाया और उन्हें एक एक क़बीले का निगरान मुक़र्रर कर के उनके कर्तव्य समझा दिए और कुछ क़बीलों के लिए आप ने दो दो नक़ीब मुक़र्रर फ़रमाए। बहरहाल इन बारह नक़ीबों के नाम ये हैं

असअद बिन ज़ुरअर। उसैद बिन अलहुज़ैर। अबुल हैसम मालिक बन तय्यान। साद बिन उबादा। बरार बिन मअरूर। अब्दुल्लाआ बिन रवाहाह। उबअदा बिन सामित। सअद बिन रबीअ। राफ़िअ बिन मालिक। अब्दुल्लाआ बिन अमरो और सअद बिन ख़ैसमह: (जिनका ज़िक्र चल रहा है। यह साद बिन ख़ैसमह: भी इन नक़ीबों में से एक नक़ीब थे) और मुनज़िर बिन अमरो।

(उद्धरित सीरत ख़ातमुन्निबय्यीन लेखक हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ए ए पृष्ठ 227 से 232)

हिजरत मदीना के वक़्त क़ुबा में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत कलसूम बिन अल हिदुम रज़ि के घर निवास फ़रमाया। इस बारे में यह भी कहा जाता है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत सअद बिन ख़ैसमह: रज़ि के घर निवास फ़रमाया और यह भी कहा जाता है कि निवास आँहज़रत सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम का हज़रत कुलसूम बिन अल हिदुम रज़ि के घर ही था लेकिन जब आप उनके घर से निकल कर लोगों में बैठते तो वह साद बिन ख़ैसमह: के घर तशरीफ़ फ़र्मा हुआ करते थे।

(अस्सीरतुन्नविबया ले इब्ने कसीर पृष्ठ 215-216 फ़सल फ़ी दख़ूला अलैहि-स्सलाम..... दारुल कुतुब अल्इिलिमया बेरूत 2005 ई)

बैअत उक़बा औला के बाद जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को मदीना के मुसलमानों की तरबीयत के लिए भिजवाया तो कुछ समय बाद उन्होंने आप से नमाज़ जुमा की इजाज़त चाही। इस पर आप ने उन्हें इजाज़त दी और जुमा के बारे में हिदायत फ़रमाई। अत: इन हिदायतों के अधीन मदीना में जो पहला जुमा अदा किया गया वह हज़रत सअद बिन ख़ैसमह: रज़ि के घर अदा किया गया।

(अत्तबक़ातुल कुबरा जिल्द 3पृष्ठ 87-88 मसअब अलख़ैर, दारुलकुतब

अल्इलमिया बेरूत 1990 ई)

ये उद्धरण अत्तबक़ातुल कुबरा का है । हज़रत साद बिन ख़ैसमह: रज़ि का क़ुबा में एक कुँआं था जिसे अलग़रस कहा जाता था। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस से पानी पिया करते थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस कुँएं के बारे में फ़रमाया कि यह जन्नत के चश्मों में से है और इस का पानी बेहतरीन है।अर्थात बहुत अच्छा मीठा ठंडा पानी था। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वफ़ात के बाद आपको इसी कुँएं के पानी से ग़ुसल दिया गया। हज़रत अली रज़ि से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जब मेरी वफात हो जाए तो बेअरे ग़रस से सात डोल ला कर उस के पानी से मुझे ग़ुसल देना। अबू जाफ़र मुहम्मद बिन अली रिवायत करते हैं कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को तीन बार ग़ुसल दिया गया। आप को पानी और बेरी के पत्तों से क़मीज़ में ही ग़ुसल दिया गया। अर्थात क़मीज़ नहीं उतारी गई थी। हज़रत अली रज़ि, हज़रत अब्बास रज़ि और हज़रत फ़ज़ल रज़ि ने आप को ग़ुसल दिया और एक रिवायत के अनुसार हज़रत उसामा बिन ज़ैद रज़ि हज़रत शुक़्रान रज़ि और हज़रत औस बिन ख़ौली रज़ि भी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ग़ुसल देने में सम्मिलित थे।

(अत्तबक़ातुल कुब्रा ले इब्न साद जिल्द 2 पृष्ठ 214 ज़िक्र ग़ुसल रसूलुल्लाह, दारुल कुतुब अल्इिलिमिया बेरूत 1990 ई)(सुनन इब्न माजा किताबुल जनाइज़ बाब मा जाअ फ़ी ग़ुसलुन्नबी हदीस नंबर1468)(सबलुल हुदा वर्रिशाद जिल्द 7 पृष्ठ229 अलबाब अल-अव्वल: प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इिलिमिया बेरूत 1993ई)

क़ुरैश के अत्याचोरों से तंग आकर मदीना हिजरत करने वाले बहुत सारे मुसलमानों की पहली मंज़िल प्राय हज़रत साद बिन ख़ैसमह: का घर हुआ करती थी। जो लोग भी हिजरत कर के आते थे वो हज़रत साद बिन ख़ैसमह: के घर ठहरा करते थे। जैसे हज़रत हमज़ह रज़ि । उन में से कुछ लोगों के नाम जो मिलते हैं वे ये हैं: हज़रत हमज़ह रज़ि, हज़रत ज़ैद बिन हारसह रज़ि, हज़रत अबू कब्शह रज़ि मौला रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, जो ग़ुलाम थे। हज़रत अबदुल्लाह बिन मसूद रज़ि इत्यादि। जब उन्होंने हिजरत की तो हज़रत साद बिन ख़ैसमह: रज़ि के घर ठहरे।

(अत्तबक़ातुल कुबरा ले इब्न साद जिल्द 3 पृष्ठ6,32, 6,112, दारुलकुतब अल्इिलिमिया बेरूत 1990 ई)

सुलैमान बिन अब्बान रिवायत करते हैं कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बदर के लिए निकले तो हज़रत साद बिन ख़ैसमह: रज़ि और आप के पिता दोनों ने आप के साथ जाने का इरादा किया और नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने यह बात निवेदन की गई कि दोनों बाप बेटा घर से निकल रहे हैं। इस पर आप ने हिदायत फ़रमाई कि इन दोनों में से सिर्फ एक जा सकता है। वे दोनों क़ुरआ अंदाज़ी कर लें । हज़रत ख़ैसमह: ने अपने बेटे साद से कहा कि हम में से एक ही जा सकता है। तुम ऐसा करो कि औरतों के पास वहां निगरानी के लिए, हिफ़ाज़त के लिए रुक जाओ। हज़रत साद ने कहा कि अगर जन्नत के इलावा कोई और मामला होता तो मैं ज़रूर आप को प्राथिमकता देता लेकिन मैं ख़ुद शहादत का इच्छुक हूँ। इस पर इन दोनों ने क़ुरआ अंदाज़ी की तो क़ुरआ हज़रत साद के नाम निकला। आप रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ बदर के लिए निकले और जंग बदर में शहीद हो गए।

(अलमुसतदरक अल सहीहैन लिल्हाकिम जिल्द 3 पृष्ठ 209 वमन मनाक़िब साद बिन ख़ैसमा हदीस 4866, दारुल कुतुब अल्इिलिमिया बेरूत 2002 ई)

आप को अम्रो बिन अबदे वुद्द ने शहीद किया और एक कथन के अनुसार तुऐमह बिन अदी ने आप को शहीद किया था। तुऐमह को हज़रत हमज़ह ने जंग बदर में और अम्रो बिन अबदे वुद्द को हज़रत अली रज़ि ने जंग ख़ंदक़ में क़तल किया था।

(असदुल ग़ाब: फ़ी मारफ़: अलसहाब: जिल्द 2 पृष्ठ 429 साद बिन ख़ैसमा, दारुल कुतुब अल्इिलिमिया बेरूत 2003 ई)

